HAMIRPUR POLICE

थाना सुमेरपुर दिनाँक 15.09.2023

आज दिनाँक 15/09/2023 को अपर पुलिस महोदय द्वारा हरिहर महाविद्यालय सुमेरपुर में छात्र-छात्राओं/आमजन के साथ संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

साइबर अपराध में डेबिड कार्ड एटीएम फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड ,यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी इनाम इत्यादि संबंधित लिंक भेजने संबंधित फ्रॉड और ओलेक्स, शॉपिंग ऐप्स संबंधित अपराध, एनीडेस्क क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड संबंधित ,गूगल पर गलत कस्टमर केयर नंबर खोजने एवं फेसबुक व व्हाट्सएप संबंधित अपराधों के बारे में विस्तृत ढंग से बताया गया एवं कैसे इन अपराधों से बचा जाए उन तरीकों को बताया गया साथ ही इस संबंध में उनसे अपील की गई कि अपने पारिवारिक जनों व आस-पड़ोस के लोगों को भी साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरूक करें।

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड़ होता है तो तुरंत www.cybercrime.gov.in/ साइबर सेल /संबंधित थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि शीघ्र कार्यवाही कर आपकी मदद की जा सके।

ॐ हरिहर महा विद्यालय
कुण्डौरा हमीरपुर

ॐ हरिहर महा विद्यालय
कुण्डौरा हमीरपुर

ॐ हरिहर महा विद्यालय
कुण्डौरा हमीरपुर